# मंदसौर मिल में पुरानी रंजिश के चलते 16 वर्षीय किशोर की हत्या

## खाना-खाने के दौरान हुआ विवाद, परिजनों ने कार्रवाई की मांग को लेकर अस्पताल चौराहे पर किया चक्काजाम





**नवभारत न्यूज**

**अशोकनगर।** शहर के कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत मंदसौर मिल इलाके में शुक्रवार देर रात पुरानी रंजिश और प्लॉट के बंटवारे के विवाद में 16 वर्षीय युवक की धारदार हथियार से हमला कर हत्या कर दी गई। मृतक की पहचान अभिषेक (16), पुत्र बबलू कुशवाहा के रूप में हुई है। घटना के बाद इलाके में सनसनी फैल गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भिजवाया।

मृतक के पिता बबलू कुशवाहा ने बताया कि अभिषेक सुनीता अहिरवार के कबाड़ के काम से जुड़ा था और शुक्रवार रात करीब 9:30 बजे उसके घर खाना खाने गया था। इसी दौरान अभिषेक का रीना अहिरवार, सपना अहिरवार, कल्लू कुशवाहा, मिथुन कुशवाहा, निहाल और छोटू से झगड़ा हो गया।

अभिषेक ने फोन कर परिजनों को विवाद की जानकारी दी। पिता ने उसे तुरंत घर लौटने को कहा, लेकिन कुछ ही देर में कल्लू कुशवाहा व अन्य आरोपियों ने उस पर धारदार हथियार से हमला कर दिया। गर्दन पर गंभीर चोट लगने और अत्यधिक खून बहने से अभिषेक की मौके पर ही दमतोड़ दिया।

**आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर परिजनों का चक्काजाम:**

शनिवार दोपहर परिजनों और स्थानीय लोगों ने आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी तथा उन पर सख्त कार्रवाई की मांग को लेकर अस्पताल चौराहे पर चक्काजाम कर दिया। सड़क पर वाहनों की कतारें लग गईं। सूचना मिलते ही पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुँचे और कड़ी कार्रवाई का आश्वासन देकर समझाइश के बाद चक्काजाम समाप्त कराया।

**अपराध का गढ़ बना मंदसौर मिल, पांचवां मर्डर**

स्थानीय निवासियों में घटना को लेकर भारी आक्रोश है, तहसील कार्यालय, कलेक्ट्रेट और थाने के पास स्थित मंदसौर मिल क्षेत्र असामाजिक गतिविधियों और अवैध कामों का अड्डा बन चुका है। रहवासियों के अनुसार, यहां आए दिन मारपीट और विवाद की स्थितियां बनती हैं। पिछले दो-तीन वर्षों के भीतर इस इलाके में हत्या की यह पांचवीं घटना है।



## उर्वरक वितरण पर कलेक्टर सख्त समीक्षा बैठक में दिए निर्देश

**नवभारत न्यूज**

**अशोकनगर।** कलेक्टर साकेत मालवीय की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिले में हाइब्रिड मोड से खाद वितरण व्यवस्था को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित की गई। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि शासन की मंशा के अनुसार जिले के किसानों को खाद वितरण की व्यवस्था सुचारू और पारदर्शी तरीके से उपलब्ध कराई जाए।

उप संचालक कृषि अमित कुमार भदौरिया ने बताया कि हाइब्रिड मोड के तहत डबललॉक केंद्रों, एमपी एग्रो, सेवा सहकारी समितियों और निजी विक्रेताओं के माध्यम से उर्वरक प्रदाय किया जा रहा है। खाद वितरण के लिए किसानों के आधार कार्ड की छायाप्रति, मोबाइल नंबर, ऋण पुस्तिका और उर्वरक की कंपनीवार मात्रा से संबंधित सभी आवश्यक दस्तावेजों का अनिवार्य रूप से संधारण कर पोर्टल पर एंट्री की जा रही है।

**किसानों के लिए जरूरी सूचना:**

अपरिहार्य कारणों के चलते डबललॉक केंद्र अशोकनगर में सोमवार और मंगलवार को यूरिया खाद का वितरण नहीं किया जाएगा। इस दौरान किसान अपनी सुविधानुसार मुंगावली एवं पिपरई डबललॉक केंद्रों से यूरिया प्राप्त कर सकते हैं। बैठक में जिला पंचायत सीईओ राजेश जैन, अपर कलेक्टर डी.एन. सिंह, एसडीएम इसरार खान सहित सहकारिता, कृषि विभाग और एमपी एग्रो के अधिकारी उपस्थित रहे। प्रशासन ने किसानों से अपील की है कि वे आवश्यक दस्तावेज साथ लाकर सुगमता से उर्वरक प्राप्त करें।

## एक नजर में

### हर घर तिरंगा यात्रा के लिए भाजपा ने किया जिला टोली का गठन

**अशोकनगर।** भाजपा जिला अध्यक्ष आलोक तिवारी द्वारा हर घर तिरंगा यात्रा ( 9 से 15 अगस्त) के उपलक्ष्य में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों के सफल क्रियान्वयन के लिए जिला स्तरीय टोली का गठन किया गया है। जानकारी देते हुए भाजपा जिला मीडिया प्रभारी डॉक्टर हरवीर सिंह रघुवंशी ने बताया कि जिला स्तरीय टोली के संयोजक नरेश ग्वाल जिला महामंत्री भाजपा, सह संयोजक शिवेंद्र यादव पूर्व मंडल अध्यक्ष ईसागढ़, धर्मेंद्र रघुवंशी खैजरा जिला मंत्री, अभय ठाकुर युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष को बनाया गया है।

### थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों के लिए 6 को होगा गुना में जीवन दाता शिविर आयोजित

**अशोकनगर।** जिला रेडक्रॉस सोसाइटी, गुना के तत्वावधान एवं मेदांता फाउंडेशन के सहयोग से 06 अगस्त को थैलेसीमिया से पीड़ित बच्चों के लिए जीवन दाता शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिला रेडक्रॉस सोसाइटी के अनुसार इस शिविर में 12 वर्ष से कम आयु के थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों का नि:शुल्क परीक्षण एवं परामर्श दिया जाएगा। शिविर में भाग लेने हेतु इच्छुक बच्चों का प्रारंभिक रजिस्ट्रेशन 5 अगस्त को मानस भवन, गुना में किया जाएगा। अभिभावकों से अनुरोध है कि रजिस्ट्रेशन के समय संबंधित पर्चा/दस्तावेज साथ में अवश्य लाएं।

### शिविका का कमाल, MPPSC में वित्त सेवा अधिकारी के बाद अब बनीं प्रोफेसर




**अशोकनगर।** जिले की होनहार बेटी शिविका जैन ने अपनी कड़ी मेहनत और प्रतिभा के बल पर लगातार दो बड़ी सफलताएं हासिल कर पूरे अशोकनगर का नाम रोशन किया है। मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग (MPPSC) 2024 की परीक्षा में सफलता प्राप्त कर वित्त सेवा अधिकारी बनने के बाद, अब उन्होंने असिस्टेंट प्रोफेसर (अर्थशास्त्र) परीक्षा में प्रदेश में 6वीं रैंक हासिल की है।

सतीश जैन एवं संगीता जैन की सुपुत्री शिविका ने अर्थशास्त्र विषय में एमए करने के बाद यूजीसी-नेट (UGC-NET) की परीक्षा उत्तीर्ण की थी। उच्च शिक्षा के क्षेत्र में कदम रखते हुए उन्होंने असिस्टेंट प्रोफेसर भर्ती परीक्षा में यह उत्कृष्ट स्थान प्राप्त किया है। एक ही वर्ष में दो बड़ी प्रशासनिक और शैक्षणिक परीक्षाओं को क्रैक करना शिविका के अटूट समर्पण और सही दिशा में किए गए प्रयासों को दर्शाता है। उनकी यह दोहरी उपलब्धि युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत बनी है। शिविका जैन की इस शानदार सफलता पर परिजनों, शुभचिंतकों और जिलेवासियों ने उन्हें बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

### सेवानिवृत्ति पर तुलसीराम दोहरे और शफीक अहमद को दी गई भावभीनी विदाई

**अशोकनगर।** जिला पुलिस अधीक्षक कार्यालय के कॉन्फ्रेंस हॉल में शनिवार को पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार मिश्रा के निर्देशन में एक विदाई समारोह आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम अधिवार्षिकी आयु पूर्ण कर सेवानिवृत्त हुए उप निरीक्षक तुलसीराम दोहरे और सहायक उप निरीक्षक शफीक अहमद गौरी के सम्मान में रखा गया था, जिसमें दोनों अधिकारी अपने परिवार के साथ शामिल हुए। समारोह के दौरान पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार मिश्रा ने सेवानिवृत्त हुए दोनों अधिकारियों को शॉल, श्रीफल, स्मृति चिन्ह और उपहार भेंट कर उनकी उत्कृष्ट एवं सराहनीय सेवाओं के लिए बधाई दी।

# ग्राम सेमराहाट में कलेक्टर की रात्रि चौपाल

## लापरवाही पर बीआरसी, उपयंत्री और सुपरवाइजर को नोटिस जारी

**नवभारत न्यूज**

**अशोकनगर।** कलेक्टर साकेत मालवीय ने ग्राम पंचायत सेमराहाट में आयोजित रात्रि चौपाल के दौरान विभिन्न शासकीय योजनाओं एवं विकास कार्यों की गहन समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने नल-जल योजना, पीएम आवास, हैंडपंपों और शासकीय विद्यालय भवन की स्थिति की जांच कर अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने पीएम आवास योजना के हितग्राही जितेंद्र बाल्मीकि के मकान का अवलोकन किया और निर्माण स्थलों पर सूचना बोर्ड लगाने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने गांव में चल रहे तालाब गहरीकरण, सामुदायिक भवन और उप स्वास्थ्य केंद्र में दवाओं की उपलब्धता व साफ-सफाई का जायजा लिया। पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए कलेक्टर ने गांव के शांतिधाम परिसर में पौधरोपण किया और ग्रामीणों से हरियाली बढ़ाने की अपील की। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ राजेश जैन, एसडीएम इसरार खान, जनपद सीईओ शैलेंद्र यादव सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे।



**लापरवाही पर कलेक्टर का सख्त एक्शन:**

कलेक्टर के रात्रि चौपाल और निरीक्षण के दौरान नाश्ता-भोजन और वजन पंजी अद्यतन न मिलने पर संबंधित आंगनवाड़ी सुपरवाइजर को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। वहीं शासकीय स्कूल के जर्जर विद्यालय भवन का समय पर प्रतिवेदन न भेजने पर बीआरसी और उपयंत्री को नोटिस थमाया गया। वहीं कलेक्ट्रेट द्वारा महिला-बाल विकास व स्वास्थ्य विभाग को टीकाकरण संबंधी डेटा साझा करने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने स्पष्ट कहा कि शासन की योजनाओं में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।



### माह के प्रथम दिवस कलेक्ट्रेट में हुआ वंदे मातरम् एवं राष्ट्रगान का सामूहिक गायन

**अशोकनगर।** कलेक्टर साकेत मालवीय की उपस्थिति में माह के प्रथम दिवस शनिवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में वंदे मातरम् एवं राष्ट्रगान का सामूहिक गायन किया गया। कार्यक्रम में सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने पूरे उत्साह और गरिमा के साथ वंदे मातरम् एवं राष्ट्रगान का गायन कर राष्ट्र के प्रति अपनी श्रद्धा एवं सम्मान व्यक्त किया। इस अवसर अपर कलेक्टर डी.एन.सिंह सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

# वरिष्ठ नागरिक परिसंघ ने किया पौधारोपण

**गौशाला प्रांगड़ में रखी गई थी बैठक**

**संघ जल्द लगायेगा स्वास्थ्य शिविर**



**नवभारत न्यूज**

**अशोकनगर।** वरिष्ठ नागरिक परिसंघ जिला अशोकनगर की एक महत्वपूर्ण बैठक बरखेड़ी स्थित गौशाला प्रांगण में संपन्न हुई। बैठक से पूर्व संस्था के सदस्यों ने गौशाला परिसर में पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए पिछले वर्ष की भांति इस वर्ष भी पौधरोपण किया। पौधरोपण के पश्चात जिला अध्यक्ष माधो सिंह रघुवंशी की अध्यक्षता एवं प्रदेश मंत्री रामवीर सिंह रघुवंशी के मुख्य आतिथ्य में परिसंघ की बैठक आयोजित की गई। वहीं कार्यक्रम का कुशल संचालन जिला सचिव मुन्ना लाल कलावत ने किया। बैठक में संगठन की मजबूती और समाज हित से जुड़े कई अहम बिंदुओं पर चर्चा कर निर्णय लिए गए। जिनमें संगठन का विस्तार करने के लिए जिले में व्यापक सदस्यता अभियान चलाने, स्थानीय जनसमस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए शीघ्र ही कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा जाएगा। वहीं परिसंघ की मासिक बैठक अब प्रति दो माह में एक बार आयोजित होगी। साथ ही, आगामी दिनों में वरिष्ठ नागरिक संघ की नई कार्यकारिणी समिति के गठन का निर्णय लिया गया। इसके अलावा बैठक में वरिष्ठ नागरिकों के स्वास्थ्य परीक्षण हेतु शिविर आयोजित करने का सुझाव आया, जिसे सर्वसम्मति से पारित किया गया। स्वास्थ्य विभाग एवं समाज कल्याण विभाग के समन्वय से जल्द ही तिथि निर्धारित कर स्वास्थ्य परीक्षण शिविर लगाया जाएगा। इस अवसर पर कार्यकारी अध्यक्ष महेंद्र शर्मा, संभागीय सचिव (अधिकारी कर्मचारी महासंघ) प्रहलाद श्रीवास्तव और उपाध्यक्ष डॉ. सुषमा गोयल सहित कई गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे। अंत में चंदा शर्मा ने सभी उपस्थित सदस्यों का आभार व्यक्त कर कार्यक्रम के समापन की घोषणा की।

# प्रस्फुटन शक्ति संचय कार्यक्रम, साइबर सुरक्षा, यातायात और पर्यावरण का दिया प्रशिक्षण

**नवभारत न्यूज**

**अशोकनगर।** मध्यप्रदेश जनअभियान परिषद विकासखंड अशोकनगर द्वारा शनिवार को जनपद सभागार में प्रस्फुटन शक्ति संचय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इसमें जनपद उपाध्यक्ष अभिषेक यादव मुख्य अतिथि, डॉ. जयमंडल यादव विशिष्ट अतिथि एवं यातायात प्रभारी मनीष चौहान उपस्थित रहे। इस दौरान समारोह में प्रस्फुटन समितियों और नवांकुर संस्थाओं के प्रतिनिधियों को विभिन्न सामाजिक विषयों पर विस्तृत प्रशिक्षण दिया गया। जिसमें यातायात एवं राहगीर योजना के तहत यातायात प्रभारी मनीष चौहान ने सड़क सुरक्षा, नशामुक्ति और राहगीर योजना की जानकारी देते हुए दुर्घटना पीड़ितों की त्वरित मदद करने का आह्वान किया। साथ ही सब-इंस्पेक्टर पुनीत दीक्षित ने डिजिटल फ्रॉड, ओटीपी स्कैम व फर्जी कॉल से सतर्क रहने के उपाय बताए। वहीं प्रशिक्षक सतपाल जाट एवं डॉ. जयमंडल यादव ने स्वच्छता और एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत अधिक से अधिक पौधे लगाने पर बल दिया। वही जनपद उपाध्यक्ष अभिषेक यादव ने जनहितैषी योजनाओं को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के निर्देश दिए।




**एक पेड़ माँ के नाम के तहत पौधरोपण:**

जिला समन्वयक बद्रीप्रसाद चौहान ने परिषद की गतिविधियों, हरियाली यात्रा व तिरंगा यात्रा की जानकारी दी, वहीं ब्लॉक समन्वयक मनोज यादव ने कार्यक्रम की रूपरेखा रखी। मंच संचालन मेंटर्स गिर्राज उपाध्याय ने किया। कार्यक्रम के समापन पर जनपद पंचायत परिसर में अतिथियों एवं प्रतिनिधियों द्वारा एक पेड़ माँ के नाम अभियान के अंतर्गत आंवले का पौधा रोपित किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में मेंटर्स व समिति प्रतिनिधि मौजूद रहे।

**धर्म-कर्म**

**यादव कालोनी स्थित पंचमुखी हनुमान मंदिर पर किया गया आयोजन**

# धूमधाम से मनाया गया संपत शनिवार, नारियल पौधे रौपे

**नवभारत न्यूज**

**अशोकनगर।** नगर की यादव कॉलोनी स्थित श्री पंचमुखी हनुमान मंदिर पर शनिवार को श्रद्धालुओं द्वारा पुजारी किशन लाल मिश्रा के पावन सानिध्य में पवित्र श्रावण मास का संपत शनिवार बड़ी श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर श्रद्धालुओं ने श्री पंचमुखी हनुमान जी महाराज का विशेष पूजन-अर्चन किया।

कार्यक्रम के दौरान पुजारी किशन लाल मिश्रा ने पौराणिक कथाओं का संदर्भ देते हुए बताया कि आषाढ़ मास की देवशयनी एकादशी से भगवान विष्णु योग निद्रा में चले जाते हैं। इसके बाद पूरी सृष्टि के भरण-पोषण एवं संचालन का दायित्व भगवान भोलेनाथ पर आ जाता है। इसीलिए श्रावण मास में की गई पूजा, जप, तप और ध्यान भगवान शिव शीघ्र स्वीकार करते हैं।



**मंदिर प्रांगण में धार्मिक अनुष्ठान एवं पौधारोपण:**

शनिवार को महिलाओं ने मंदिर परिसर में स्थित पीपल और शमी वृक्ष का विधि-विधान से पूजन किया और भगवान शिव शंकर का जलाभिषेक किया। वहीं मंदिर में प्रतिदिन सायं 4 से 7 बजे तक हरि कीर्तन का आयोजन किया जा रहा है, जिसके पश्चात महाआरती, प्रसाद वितरण और कन्या पूजन किया जाता है। वहीं इस पावन अवसर पर मंदिर प्रांगण में दो नारियल के पौधों का रोपण कर उनमें खाद-पानी दिया गया और उन्हें सुरक्षित स्थान पर रोपित किया गया।

# स्काउट गाइड ने मनाया विश्व स्काउट स्कार्फ दिवस

**नवभारत न्यूज**

**अशोकनगर।** भारत स्काउट एवं गाइड जिला संघ अशोकनगर द्वारा शनिवार को विश्व स्काउट स्कार्फ दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर संगठन के पदाधिकारियों ने अधिकारियों को स्कार्फ पहनाकर शुभकामनाएं दीं और पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए पौधरोपण किया। कार्यक्रम के दौरान स्काउटिंग की पहचान और अनुशासन, सेवा, एकता व समर्पण के प्रतीक स्कार्फ को जिला संघ अध्यक्ष मनोज जैन, जिला मुख्य आयुक्त दया सिंह संधू, जिला शिक्षा अधिकारी एवं जिला कमिश्नर (गाइड) मधु शर्मा, डीपीसी राहुल शर्मा तथा विकासखंड शिक्षा अधिकारी चंद्रशेखर सिसौदिया को पहनाया गया। इसके साथ ही स्कार्फ दिवस के उपलक्ष्य में जिला संघ द्वारा पौधारोपण कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया, जिसमें उपस्थित सभी सदस्यों ने पौधों की देखभाल का संकल्प लिया। कार्यक्रम का सफल संचालन जिला संगठन आयुक्त (गाइड) शर्मिष्ठा जगताप ने किया। इस दौरान जिला हेडक्वार्टर कमिश्नर अवधेश शर्मा, जिला सचिव मुकेश शर्मा, जितेंद्र रघुवंशी, रीना शर्मा और वर्षा सहित कई स्काउट-गाइड्स उपस्थित रहे।

